तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024

11 राजिम में हुआ डॉ. रमन का स्वागत




12 राजिम मेला के बचे केवल डेढ़ माह, स्थल को लेकर...








## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**मैनपुर**। मैनपुर से लगभग 28 किलो मीटर दूर देवभोग मार्ग में उदंती के नजदीक गुरुवार को अनियंत्रित होकर धान से भरा ट्रक सड़क किनारे पलट गई। वहीं इस दौरान ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई है। बताया जा रहा है कि ट्रक तेतलखुंटी से धान भर कुंडेल जा रहा था तभी यह हादसा हो गया। बता दें कि मैनपुर जाने वाली खराब सड़क की वजह से आए दिन हादसे हो रहे है।

### नगर के दर्रीपार वार्ड में गुरु घासीदास की जयंती आज

**फिंगेश्वर**। नगर के दर्रीपार वार्ड में 27 दिसंबर को सतनामी समाज के द्वारा संत शिरोमनी गुरू घासीदास बाबा की जयंती हर्षोउल्लास पूर्वक मनाई जावेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे। वहीं पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत ▶▶|शेष पेज 10 पर

कार्रवाई : प्रशासन ने ग्रामीणों और व्यापारियों को चेतावनी दी, धान-चावल के लेनदेन से बचें

# निजी धान खरीदी केंद्रों पर दबिश अवैध पीडीएस चावल किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में अवैध धान-चावल खरीदी और बिक्री पर खाद्य विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को सहायक खाद्य अधिकारी सोनाली ठाकुर के नेतृत्व में हुई छापेमारी में राजिम के निर्मल धान खरीदी केंद्र से 60 बोरी पीडीएस चावल 30 क्विंटल और 139 बोरी धान 55.6 क्विंटल जब्त किया गया। इसी प्रकार, कृष्णा धान खरीदी केंद्र से 13 बोरी पीडीएस चावल 5.77 क्विंटल और 100 बोरी धान (40 क्विंटल) अवैध रूप से क्रय किए जाने पर जब्त किया गया। देवभोग के खाद्य निरीक्षक मिनकेतन राणा ने मनीष किराना स्टोर्स से 7 बोरियों में 3.20 क्विंटल पीडीएस चावल जब्त किया। गरियाबंद खाद्य निरीक्षक सुश्री रीतु मौर्य ने गरीब नवाज ट्रेडर्स कोकड़ी से 131 बोरी धान (52.4 क्विंटल), परसुली किराना व्यापारी से 119 बोरी धान (47.6 क्विंटल) और देवांगन ट्रेडर्स नागाबुड़ा से 49 बोरी धान (19.6 क्विंटल) तथा 35 बोरी पीडीएस चावल (17.5 क्विंटल) जब्त किया।





### बर्दाश्त नहीं की जाएगी अनियमितता

450 क्विंटल से अधिक धान और चावल जब्त किया गया है, जो अवैध रूप से संग्रहित या खरीदा गया था। इस कार्रवाई से जिले में अवैध व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगाने की उम्मीद है। खाद्य विभाग की टीम ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कार्रवाई जारी रहेगी

खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु ने बताया कि जिले में अवैध खरीदी-बिक्री रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम और मंडी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसके साथ ही उन राशनकार्डधारियों की पहचान कर उनके राशनकार्ड निरस्त किए जाएंगे, जो पीडीएस का चावल अवैध रूप से बेच रहे हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों और व्यापारियों को चेतावनी दी है कि वे अवैध धान-चावल के लेनदेन से बचें। समय-समय पर छापेमारी की जाएगी, और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# आवारा कुत्तों का आतंक पशुओं पर कर रहे हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इन कुत्तों के झुंड ने न केवल मवेशियों बल्कि ग्रामीणों के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। हाल ही में ग्राम लोहरसी के लदवा तालाब के पास ऐसी ही एक भयावह घटना हुई, जिसने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया। गुरुवार को एक मवेशी चारा चरने के लिए खेत में गया था। तभी भेंडरी की ओर से करीब 10 से अधिक आवारा कुत्ते वहां आ धमके और मवेशी को दौड़ाने लगे। कुत्तों ने मिलकर मवेशी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गांव के एक किसान, जो पास के खेत में काम कर रहा था, ने यह देखा और किसी तरह कुत्तों ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468






## खबर संक्षेप

### आर्थिक सहायता के लिए अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 04 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमे पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा तहसील अंतर्गत ग्राम आंवराडबरी के मृतक लोकनाथ ध्रुव, ग्राम कमरौद के मृतक प्रेम पटेल एवं तहसील बसना अंतर्गत ग्राम मेदनीपुर के मृतक राकेश पटेल के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए है। इसी तरह आग में जलने से मृत्यु होने पर तहसील सरायपाली अंतर्गत ग्राम चिवराकुटा के मृतक पवित्र भोई के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन आज

**महासमुंद।** स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 27 दिसम्बर को देशभर के 50 हजार गांवों में 58 लाख प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण करेंगे। इस अवसर पर योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे एवं लाभार्थी कार्डधारकों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके तहत जिला स्तर पर स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे।

## पेज 9 के शेष...

### नगर के दर्रीपार...

अध्यक्ष जगदीश यादव एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूखमणी मांडले, पार्षद दीपक श्रीवास, अरूण साहू, ठाकुर राम साहू, कमलेश यदु, अनिल चंद्राकर, बेनी प्रसाद सोन वानी, नरेश लहरे, सुनीता श्रीवास, मंजूलता हरित, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीश हरित एवं भाजपा नेता राजू साहू, सतनामी समाज के राजकुमार बघेल, संरक्षक जमुना भीमो, अध्यक्ष हेम नारायण म्हिलांग, उपाध्यक्ष संतोश ढीढी, सचिव आकाश भीमो, कोशाध्यक्ष खोमन बघेल एव वार्ड के गणमान्य नागरिक होंगे। कार्यक्रम मे सायंकाल 5 बजे अतिथि स्वागत होगा। वहीं पर रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर प्रीत के डोरी आके्रस्ट्रा का आयोजन होगा। कार्यकम में अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील सतनामी समाज के द्वारा की गई है।

### आवारा कुत्तों का...

को खदेड़कर मवेशी को बचाया। हालांकि, इस दौरान कुत्तों की आक्रामकता ने किसान को भी डरा दिया। घायल मवेशी को कुत्तों के चंगुल से बचा तो लिया गया, लेकिन कुत्ते आसपास ही मंडराते रहे। गांव के लोग अब भयभीत हैं और अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि अगर समय रहते आवारा कुत्तों को नियंत्रित नहीं किया गया, तो ऐसी घटनाएं और भी बढ़ सकती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि मवेशियों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

---

**बैठक : निर्वाचन की सभी तैयारियां समय पर करें पूर्ण**

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में सहभागिता करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में शामिल होकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान दल और रूट प्रभारी से समन्वय कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्वाचन की सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण कर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के समस्त मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं से अवगत होकर सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश गोलछा, अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए दिए गए सभी दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में चुनाव की तैयारियों के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश



**जर्जर भवन में मतदान केंद्र न बनाएं**

सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। आचार संहिता की घोषणा होते ही सक्रिय होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय आदि की सुविधा हो यह भी समय पूर्व सुनिश्चित कर ले। जर्जर भवन में मतदान केंद्र न बनाए, उसी परिसर में अच्छे भवन को मतदान के लिए उपयोग करें। मतदान के पहले और उसके बाद की कार्यवाहियों को भी अच्छे से तैयारी कर लें। निर्वाचन के लिए आवश्यक रिपोर्ट, फॉर्म और दस्तावेजों की भी अच्छे से जानकारी रख कर समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित करें। मतपेटियों की उपलब्धता, स्थिति आदि की तैयारी अच्छे से सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को संबंधित मतदान दलों का अच्छे से प्रशिक्षण पूर्ण हो जाए यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

## बिगड़ते मौसम से सेहत एवं सब्जी के फसल पर पड़ रहा बुरा असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम क्षेत्र में पिछले सप्ताह भर से मौसम में बहुत तेजी के साथ बदलाव देखा जा रहा है। इस महिने में गाहे-बगाहे आकाश पर बादल एवं बूंदाबांदी हो ही रहा है इससे लोगों के सेहत के साथ-साथ सब्जी के फसलों में भी इसका असर देखा गया है। बता दे कि 12 नवंबर से 30 नवंबर तक लगातार ठंड पड़ी ऐसा लगने लगा कि इस साल कड़ाके की ठंड पड़ेगी। किंतु माह दिसंबर के प्रारंभ से ही आसमान में बादल छाए रहे। बहरहाल दिसंबर प्रथम सप्ताह में फेजल चक्रवाती तूफान के चलते सात-आठ दिनों तक बादल छाए रहे हल्की बूंदाबांदी होती रही। कुछ दिनों के बाद मौसम साफ रहा। अब दो दिनों से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम शुष्क हो गया है हवा भी ठंडी चल रही है। हालांकि तापमान में कुछ वृद्धि जरूर हुई है परंतु बदलते मौसम के कारण लोगों को सर्दी ,खांसी एवं बुखार की परेशानी झेलनी पड़ रही है। राजिम के सब्जी उत्पादकों ने बताया कि सब्जी में भी कीट का प्रकोप बढ़ा है। जिससे बाड़ी एवं सब्जी उत्पादन में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। ईधर 23 से 28 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश की घोषणा की गई है। लोग इस दौरान विभिन्न पर्यटन स्थल घूमने फिरने के लिए जाते है किंतु बदले मौसम ने छुट्टियों का लुफ्त उठाते में खलल पैदा की है। मौसम को देखते हुए बूंदाबांदी के भय से शीतकालीन एवं नए वर्ष के लिए स्कूली बच्चे एवं पालक घूमने के कार्यक्रम बनाने में असमंजस की स्थिति महसूस कर रहे है।

---

## हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज द्वारा ग्राम रवेली (लोहरसी) में गुरुवार को शक्ति दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और परंपराओं को सहेजते हुए संगठन को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम की शुरुआत हल्बा समाज भवन में मां दंतेश्वरी और शहीद गैंदसिंह नायक के छायाचित्र की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद महिलाओं द्वारा भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई। युवा तीर-धनुष और पारंपरिक वेशभूषा में सज्जित होकर ग्राम भ्रमण करते हुए, देवी-देवताओं का सेवा-जोहार करते नजर आए। इस दौरान मां शीतला, मां दंतेश्वरी, बूढ़ादेव, बूढ़ी माई और शहीद गैंदसिंह नायक की पूजा-अर्चना की गई। ग्राम भ्रमण के दौरान समाज के युवा और बुजुर्ग पारंपरिक /"रेला पाट नृत्य/" करते हुए झूमते नजर आए। गाजे-बाजे के साथ इस यात्रा ने पूरे गांव में उत्साह का माहौल बना दिया। मातृशक्ति, पितृशक्ति, युवा वर्ग और बच्चे भी इसमें बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

1998 में 26 दिसंबर को बस्तर के बड़े डोंगर में पांचों महासभाओं के बुजुर्गों और कर्णधारों ने समाज की एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मां दंतेश्वरी की कृपा से सभी महासभाओं ने सामाजिक नीति-नियम, रीतिरिवाज, और परंपराओं में एकरूपता लाने का निर्णय लिया। यह दिन हल्बा समाज के लिए गौरवपूर्ण था, क्योंकि इसने समाज के भीतर संगठन और आपसी भाईचारे की नींव रखी।

**सामाजिक समस्याओं को सुलझाने का प्रयास-** शक्ति दिवस मनाने का उद्देश्य समाज के भीतर व्याप्त भिन्नताओं को दूर करना, रोटी-बेटी के रिश्तों में समानता लाना और सभी को एक मंच पर संगठित करना है। यह पर्व हल्बा हल्बी समुदाय के लिए एकता और गौरव का प्रतीक है, जिसे पूरे देश में 26 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। गांव के लोगों ने इस पर्व को सामूहिक रूप से मनाया और पारंपरिक रीति-रिवाजों को संजोते हुए समाज की संस्कृति और धरोहर को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस भव्य आयोजन ने समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया।

---

## जनजाति परिवारों के सर्वेक्षण में पहुंची कोलकाता से 12 सदस्यीय अध्ययन दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दुरस्त बिहड़ वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति परिवारों के सर्वेक्षण कार्य में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रलय के अधीन एक अनुसंधान संस्थान भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण एएस आई कोलकाता के अध्ययन दल मैनपुर क्षेत्र बिहड़ वनाचंलों में बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के परिवारों के घर-घर जाकर गहन सर्वेक्षण कार्य डेटा एकत्र किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण कार्य 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया जाना है और इसके लिए 12 सदस्यीय दल पहुंचे हुए है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलो मीटर राजीव गांधी गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट में गुरुवार को भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण एएस आई कोलकाता के अध्ययन दल पहुंच कर सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया है। उक्त जानकारी मंडल संयोजक चन्द्र किशोर बघेल ने दिया है।

संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर के द्वारा भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण कोलकाता के अध्ययन दल कमार परिवारो के घर-घर जाकर गहन सर्वेक्षण का डेटा एकत्र किया जा रहा है। यह दल देवडोंगर, भालुडिग्गी, बेसराझर ,कुल्हाड़घाट, गौरमुढ़ ,मटाल, डूमरघाट, बोईरगांव, कोनारी, तुहामेटा, छिन्दौला, फरसरा, दबनई पहुचकर कमार जनजातियों के रहन सहन को नजदीक से देखकर उनसे चर्चा कर उनके बीच रूक कर सर्वेक्षण का डेटा एकत्रित करेगें। इस वैज्ञानिक अध्ययन दल में भारत सरकार के दो प्रथम वर्ग के अधिकारी, दो महिला वैज्ञानिक एवं आठ अन्य पुरुष अन्य वैज्ञानिक शामिल होने की बात बताई गई है। अध्ययन दल द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज के लोगों का सर्वे किया जा रहा। उनके रहन-सहन,खान पान के बारे में विस्तार से जानकारी लिया जा रहा है।

- वनांचल में बसे कमार ग्रामों में पहुंचकर घर-घर जाकर एकत्र कर रहे हैं डेटा



---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
Email Id- sdmchhura@gmail.com

**: उद्घोषणा :**

प्रकरण क्रमांक 202412222000009/अ-1
ग्राम कुटेना
दिनांक 13.12.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/भूमिस्वामी अध्यक्ष गौशाला सिया भुनेश्वरी शरण व्यास राम मनोहर शरण निवासी ग्राम कुटेना तहसील छुरा जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम कुटेना तहसील छुरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 164 रकबा 0.30 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तित किये जाने हेतु संहिता की धारा 172 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो, तो वह आपत्ति/ दावा स्वयं या अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सुनवाई तिथि दिनांक 27.12.2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13.12.2024 को जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा
जिला गरियाबंद

---

## जीने की कला सिखाता हैं एनएसएस : इन्द्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

मानिकचौरी में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, सरपंच बुद्धेश्वर साहू, विनोद छल्लानी, प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवक समाज सेवा के लिए एक मिशाल है जो लोगों को जागरूक करते है। हमेशा दूसरों को जीने की कला सिखाता हैं। इन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। संरपच बुद्धेश्वर साहू ने कहा कि इस ग्राम के लिए सौभाग्य की बात है कि अनेक विभागों को जोड़कर मेरे युवा ग्रामवासियों को अनेक रोजगार उन्मुखी कार्यों को करने के लिए प्रेरित किए तथा डिजिटल साक्षरता के लिए जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक को शिविर के सफल आयोजन के लिए ग्रामीणों ने सम्मानित किया।




---

### खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री बघेल आज जिले में

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शुक्रवार 27 दिसंबर को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार खाद्य मंत्री बघेल सुबह 9:45 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 11 बजे महासमुंद पहुंकर स्थानीय स्वामित्व योजना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे जिला महासमुंद से बलौदाबाजार के लिए रवाना होंगे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

---

**बेमौसम बारिश से मैनपुर देवभोग क्षेत्र के दो दर्जन से ज्यादा धान खरीदी केन्द्र बंद**

## क्षेत्र के कई खरीदी केंद्रों में परिवाहन और बारदाना की समस्या से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र में बारिश के चलते गुरुवार को खरीदी नहीं हो पाई। दरअसल, बीते दो दिनों से लगातार मैनपुर देवभोग अमलीपदर तहसील क्षेत्र में रुक–रुक कर बारिश हो रही है। बारिश से मैनपुर देवभोग अमलीपदर के 10 तो गोहरापदर ब्रांच के 16 खरीदी केंद्र प्रभावित हुए हैं। वहीं मैनपुर ब्रांच के 5 केंद्र में उठाव नहीं होने से खरीदी बंद है। बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। धान खरीदी केंद्रों में फड़ गीली हो गई है, रख–रखाव भी चुनौती बनी हुआ है। अगर मौसम खुलता भी है तो इनमें से कुछ केंद्रों में खरीदी शुरू हो सकती है, लेकिन ज्यादातर केंद्रों में आज धान खरीदी शुरू नही हो पाई।

मैनपुर शाखा प्रबंधक दुष्यंत इंग्ले , गोहरापदर शाखा प्रबंधक नयन सिंह दाउ ने कहा कि दो दिनों से बारिश हो रही है. खरीदी केंद्रों में ,खरीदी हुई धान के रखरखाव की पूरी कोशिश की गई है। पर्याप्त पालीथीन भी खरीदी की गई है. फंड गिले होने के कारण व केंद्र तक आवाजाही के लिए बने मार्ग गिले होने के कारण किसानों को केंद्र तक धान लाने में दिक्कत होगी। मौसम खुला और गीली जमीन रास्ते सूखे तो धान की आवाजाही होगी। बीते दिन भी खरीदी प्रभावित रही, आज भी केंद्रों ने खरीदी प्रभावित होने की सूचना दी है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर क्षेत्र के पांच धान खरीदी केन्द्रो में परिवाहन और बारदाना के कमी के चलते भी पिछले तीन दिनो से खरीदी पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

**मैनपुर में भी खरीदी बंद-** इधर मैनपुर ब्रांच के 5 खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। बफर लिमिट से कई गुना ज्यादा धान रखा हुआ है। धीमी गति से उठाव जारी ह। अब सहकारी समितियों ने जगह खाली नहीं होते तक खरीदी बंद रखने का निर्णय लिया ह। मैनपुर ब्रांच मैनेजर दुष्यंत इंगले ने बताया कि समितियां खरीदी बंद कर दिए है, उच्च अधिकारियों को सूचना दिया गया है। उठाव के लिए गाड़ियों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया गया है।



**इन खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी नहीं हो पाई**

बारिश के वजह से मैनपुर नवमुड़ा, गौरघाट, जिड़ार, शोभा, बम्हनीझोला, उरमालधौराकोट, गोहरापदर, ढोर्रा, सिनापाली, कदलीमुड़ा ,तेतलखुटी, झरगांव, बरबहली, चिचिया खोखमा, फरसरा, अमलीपदर, काण्डेकेला, गुरजीभाठा टी, मुड़गेलमाल, सरनाबहाल खरीदी पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# भगवान राम मर्यादित थे तो कृष्ण जैसे को तैसा व्यवहार करते थे : ऋशिकेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/ छुईहा बेलर

ग्राम देवगांव में भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू की माता नर्मदा बाई साहू के पुण स्मृति मे आयोजित श्रीमद भागवत कथा कार्यक्रम में पूर्व विधायक नंदकुमार साय शामिल होकर कथा का श्रवण एव आरती की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवताचार्य पंडित ऋशिकेश तिवारी ने कृष्ण जन्म को लेकर बताया कि भगवान राम नवमी तिथि मे जन्म लिये थे वहीं पर भगवान कृष्ण अष्टमी तिथि को जन्म लिये।राम ने अयोध्या मे जन्म लिया तो कृष्ण द्वापर मे जन्म लिया।दोनो का मकसद एक ही था समाज को दूषित करने वाले को सजा देना वहीं पर समाज की संरचना युगो- युगो तक कैसी हो उसका निर्माण करना जो आज हमारे बीच रामायण एवं गीता ग्रंथ के रूप मे स्थापित है। सभी सनातनी लोग इस ग्रंथ का अध्ययन मनन करते हुए धर्म का पालन कर रहे हैं।भगवान राम का जीवन मर्यादा से भरा हुआ था उनका हर कार्य मर्यादा पूर्वक ही होता था। वहीं पर भगवान कृष्ण जैसे के साथ तैसा व्यवहार करते थे। कंस ने जब यह जाना कि देवकी का आठवा पुत्र उसका काल होगा तब से वे अपने पापाचार में देवकी के होने वाले बच्चों को मारने लगा लेकिन जब भगवान कृष्ण जन्म लिये उनके प्रताप से पिता वासुदेव ने उन्हे गोकुल पहुंचा दिया जहां पर उनका बचपन गुजरा।

## भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक नंदकुमार



### झांकी में झूम उठे दर्शक

उन्होंने भगवान जन्म की पूरी कथा बताई और जब भगवान के जन्म की झांकी निकली तो दर्शक झूम उठे।कार्यक्रम के अंत में आरती में नंदकुमार साय शामिल होकर भगवान कुंजबिहारी क आरती में शामिल हुए। इस दौरान प्रथम प्रतिपक्ष नेता नंदकुमार साय, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर चम्पु साहू, सालिक राम साहू, समाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू, हेमलता साहू, सालिक राम साहू, दुर्गा राम साहू, इन्द्राणी साहू, भाजपा विधान सभा प्रभारी रामकुमार साहू, जनपद सदस्य प्रहलाद यदू,पूर्व अध्यक्ष राभमस महेंद्र साहू, पत्रकार खिलेश्वर गोस्वामी, राजू साहू, पूर्ध जिला पंचायत सदस्य लोकिन साहू, सरपंच हेमलाल नेताम, सरपंच ओमप्रकाश संगीता साहू, नानक साहू, मदन साहू, टिकम साहू, रूपेश साहू, भीषम नगारची, बूद्धेश्नर साहू, ओम प्रकाश बंछोर, पत्रकार दीपक पोद्दार, जनपद अध्यक्ष मीना ठाकुर, गंगादिन साहू नरबदिया, कमल- चंद्रिका भारत संतोषी, छबि,तेजेश्वरी ,तोषण-ममता, सेवक मनटोरा, त्रिलोक- धनेश्वरी बबली, कार्तिक, देवांश, भाविका, देव्यांशु शामिल थे। आने वाले सभी मेहमानों का मंच में आयोजक कर्ता रूपसिंग साहू के द्वारा सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप



### शीतला मंदिर से हटाया गया अतिक्रमण

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर शीतला मंदिर परिसर में अवैध अतिक्रमण को लेकर तहसील कर्यालय में शिकायत किया गया था। जिसके तहत आज मैनपुर तहसीलदार गेंदलाल साहू एवं सरपंच बलेदवराज ठाकुर की उपस्थिति अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। मिली जानकारी के अनुसार आज बुधवार को शासकीय भूमि देव स्थल मां शीतला मंदिर प्रांगण की भूमि खसरा नंबर 43 रकबा 0.68 हे भूमि में अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इस मौके पर गैंदालाल साहू तहसीलदार के द्वारा उपस्थित होकर मौके पर कब्जा हटवाया गया। इस दौरान हल्का पटवारी नरेश कुमार ध्रव, विश्वजीत नेताम, सरपंच बलदेव राज ठाकुर, ग्राम पटेल डोमार सिंह पटेल, विरेन्द्र श्रीवास्तव हरिश्वर पटेल, पवन पटेल, थानु पटेल, सत्तु साहू, उत्तम पटेल, कांति पटेल, साकेत पटेल, गौतम सेन, खन्ना रामटेके, गोविंद पटेल,चन्द्रहास यादव, विष्णु मानिकपुरी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सालासर समिति ने बांटे कंबल स्वेटर



**नवापारा-राजिम।** बुधवार को सालासर सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति ने जरूरतमंद अति निर्धन परिवार के बच्चों एवं लोगों को स्वेटर एवं कम्बल बांटा। संस्था के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि किरण-दीपेश काबरा को पता चला कि तर्री मार्ग में एक महिला जिसके पति नहीं है तथा 6 बच्चे जिनकी उम्र 5 से 10 साल है ये सब ठंड से ठिठुर रहे है। तुरंत उन बच्चों को कपड़े दुकान ले जाकर स्वेटर दिलाया गया। इसी प्रकार बहुत ही निर्धन परिवार के 7 लोगों को कम्बल देने समिति के अध्यक्ष धरम साहू, सुमित पंजवानी, किरण दीपेश काबरा उनके घर गए। श्री काबरा ने बताया कि जब पता किया गया तो वास्तव में वे बहुत ही जरूरतमंद थे। समिति लगातार जनकल्याण के कार्य में निःस्वार्थ भाव से लगी हुई है।

### जनपद पंचायतों के पदों का आरक्षण 28 को

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के पांचो जनपद पंचायतों के अंतर्गत सरपंच, पंच पद के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण लॉट निकालने की कार्यवाही संपन्न कराने के लिए विनिर्दिष्ट अधिकारियों को प्राधिकृत किया है। लॉट निकालने की कार्यवाही 28 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से संबंधित जनपद पंचायत के सभाकक्ष में किया जायेगा। इनमें जनपद पंचायत गरियाबंद के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंर्पिता पाठक, जनपद पंचायत छुरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री रामसिंह सोरी ,जनपद पंचायत फिंगेश्वर के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री विशाल महाराणा, जनपद पंचायत मैनपुर के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पंकज डाहिरे, जनपद पंचायत देवभोग के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री तुलसीदास मरकाम होंगे।

### जिले के जिला पंचायत सदस्य आरक्षण की कार्यवाही 29 को

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 छत्तीसगढ़ पंचायत उपसरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन नियम, 1995 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में जिले के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन /आरक्षण के लिए नियमानुसार कार्यवाही के प्रयोजन के लिए कार्यवाही कलेक्टर जिला गरियाबंद द्वारा 29 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे वन विभाग के आक्सन हाल में किया जायेगा।

## विडंबना : व्यापारिक व धार्मिक नगरी होने के बावजूद हक से वंचित

# नवापारा नहीं बन पाया ब्लाक, छोटे-छोटे कामों के लिए रायपुर-अभनपुर की दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर की पहचान व्यापारिक नगरी के साथ-साथ समृद्ध शहरों में होती है। आसपास के 100 गांव का व्यापार नवापारा शहर पर निर्भर है एवं राइस मिलों की संख्या के मामले में नवापारा शहर छत्तीसगढ़ के अपनी विशेष पहचान रखता है। लेकिन शासकीय सेवाओं के मामले में नवापारा की गिनती अन्य शहरों एवं कस्बों की तुलना में बहुत पिछड़ी हुई है। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण यह है कि जनसंख्या एवं अन्य दृष्टिकोण से समृद्ध नवापारा शहर को अब तक ब्लॉक का दर्जा भी प्राप्त नहीं हुआ है। ब्लाक संबंधी छोटे-छोटे कामों के लिए नवापारा को छोटा कस्बा अभनपुर पर निर्भर रहना पड़ता है। जमीन एवं संपत्ति के रजिस्ट्री के लिए अभनपुर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिक्षा विभाग का ब्लॉक कार्यालय भी अभनपुर में है इसलिए भी नवापारा के लोगों एवं शिक्षकों को छोटे-छोटे कामों के लिए अभनपुर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। यदि बात की जाए परिवहन संबंधी सुविधाओं के लिए तो नवापारा में विगत वर्षों में परिवहन विभाग द्वारा लाइसेंस या अन्य सुविधाओं के लिए कैंप नहीं लगाया गया है। नवापारा शहर के 18 वर्ष या अधिक के युवाओं को वाहन लाइसेंस के लिए 50 किलोमीटर का सफर तय कर रायपुर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। परिवहन विभाग नवापारा से केवल राजस्व की प्राप्ति करता है किंतु परिवहन संबंधी सुविधाओं के लिए नवापारा में ना ही कोई कैंप लगाया जाता है ना ही कोई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हालांकि परिवहन विभाग द्वारा कुछ सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध होती है किंतु वहां के परमानेंट लाइसेंस के लिए फोटो खिंचवाने एवं वाहन बेचने पर नाम ट्रांसफर करवाने के लिए स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होता है। जिसके लिए परिवहन विभाग द्वारा नवापारा शहर में कैंप नहीं लगाया गया है।

■ जमीन एवं संपत्ति के रजिस्ट्री के लिए अभनपुर के लगाने पड़ते हैं चक्कर



**सुविधाएं नगण्य**

इस प्रकार नवापारा शहर जनसंख्या एवं अन्य दृष्टिकोण से समृद्ध होने के बावजूद भी अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है जो सुविधा उसे प्राप्त होनी चाहिए वह सुविधाओं से नवापारा शहर वंचित है। खास बात यह है कि इस शहर के 10 किलोमीटर के दायरे में जनसंख्या 75000 के करीब है। राइस मिल भी 50 से ऊपर है। सभी कॉलेज एवं आसपास के स्कूलों को मिलाकर विद्यार्थियों की संख्या 30000 के करीब है। वाहनों की संख्या हजारो में है। आसपास 10 धार्मिक स्थल है बावजूद पर्यटन के दृष्टिकोण से सुविधाएं नगण्य है।

### नवापारा शहर में हो परीक्षा केंद्र

नवापारा के छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अन्य शहर या कस्बे रायपुर, अभनपुर , महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी आदि शहरों में जाकर परीक्षा देनी पड़ती है। विभिन्न प्रतियोगिता प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नवापारा परीक्षा केंद्र ना देना छात्र-छात्राओं के लिए एक अतिरिक्त आर्थिक बोझ के साथ-साथ समय का नुकसान भी होता है। नवापारा शहर के छात्र-छात्राओं की हमेशा यह मांग रही है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र नवापारा शहर में होनी चाहिए। साथ ही साथ शासन स्तर पर आयोजित होने वाली कोचिंग की सुविधा भी नवापारा शहर में आयोजित की जाने की मांग छात्र-छात्राओं ने किया है।

## भाजपा मंडल राजिम में मनाया वीर बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवहान पर गुरूवार को राजिम मंडल द्वारा आयोजित वीर बाल दिवस के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने वीर बालकों के वीरगाथा से अवगत कराया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश यादव ,वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुश्री छाया राही, सभापति पुष्पा गोस्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, पूरन यादव, शरद पारकर, टंकू सोनकर, लोकेश सोनी,युवराज साहू,मुकेश साहू,राजेश परमार, शत्रुघ्न धीवर, नारायण साहू ,भागवत साहू, बलराम यादव, अजय पटेल,चंदू साहू,आकाश राजपूत, शिवकुमार साहू, राजकुमार निर्मलकर, रोमन बंजारे व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने आभार जितेंद्र पेंदरिया ने किया।

### दुर्घटना में युवक की मौत, युवती घायल

**महासमुंद।** शादी करने मंदिर जा रहे युवक-युवती के एक्सीडेंट के मामले की सिंघोड़ा पुलिस ने जांच की है। जांच के बाद पुलिस ने बताया कि 21 दिसंबर को लगभग 10:30 बजे मोटर सायकल होंडा 125 क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 1957 में मृतक मिथलेश बंछोर पिता अशोक बंछोर (22 साल) निवासी गौरटेक एवं किरण बेहरा पिता किशोर बेहरा (20 साल) निवासी सिंघनपुर थाना बसना जिला महासमुंद से मंदिर शादी करने जा रहे थे। लगभग 12:30 बजे खम्हारपाली बेरियर के पास ट्रक क्रमांक 28 बीबी 4882 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे मोटर सायकल टकराने से एक्सीडेंट हो गया, घटना में मिथलेश बंछोर के सिर में बांये हाथ में, गले के पास गंभीर चोट लगने से मौत हो गई एवं किरण बेहरा के नाक एवं हाथ में चोट लगी। संपूर्ण मर्ग जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## राजिम में हुआ डॉ. रमन का स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बुधवार को कौंदकेरा प्रवास पर आए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का राजिम रेस्ट हाऊस में फुल माला और बुके से शानदार स्वागत हुआ। स्वागत करने वालो में राजिम विधायक रोहित साहू,सांसद रूपकुमारी चौधरी,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव, राजू साहू, लोकनाथ साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, किसान नेता चंद्रिका साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, छाया राही, नगर पंचायत सभापति पुष्पा गोस्वामी, पूर्णिमा चंद्राकर, देवकी साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, मनोज देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## मकरसंक्रांति को खत्म होगा खरमास

**नवापारा-राजिम।** अभी शादी व्याह, गृह प्रवेश एवं अन्य शुभ कामों के आयोजन में ब्रेक लगा हुआ है। बता दे कि 15 दिसंबर से 14 जनवरी अर्थात मकरसंक्रांति तक एक माह खरमाह का समय है। इसे मलमास भी कहा जाता है। यह तब शुरू होता है जब सूर्य देव धनु या मीन राशि में प्रवेश करता हैं मांगलिक कार्यों की मनाही होती है किंतु इस दौरान पर्व एवं त्योहार मनाए जाते हैं। खरमास में पूजा पाठ भजन कीर्तन एवं भगवान विष्णु की उपासना का विशेष महत्व है। इस दौरान सूर्य 30 दिनों तक धनु राशि में रहते हैं। खरमास के बाद 15 जनवरी से सूर्य का गोचर मकर राशि में होगा। सूर्य मकर राशि में प्रवेश करने के साथ खरमास समाप्त हो जाता है एवं शिशिर ऋतु प्रारंभ हो जाती है। 14 जनवरी को खरमास समाप्त होने के साथ ही नए वर्ष में शादी विवाह , गृह प्रवेश मुहूर्त, एवं अन्य शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। माह जनवरी में शादी व्याह के 10 दिन मुहूर्त है। जो 16 से 27 जनवरी तक रहेगा। एवं वर्ष 2025 में शादी के कुल 75 मुहूर्त होंगे जिसमें माह फरवरी में 14 मुहूर्त, मार्च में पांच मुहूर्त, अप्रैल में नौ मुहूर्त, मई में 15 मुहूर्त, जून में पांच, नवंबर में 14 मुहूर्त, एवं माह दिसंबर में तीन मुहूर्त होंगे। वर्ष 2025 में जुलाई अगस्त सितंबर में शादी के कोई भी मुहूर्त नहीं है। इस तरह वर्ष 2025 में 75 दिनों तक शहनाई बजेगी।

■ नए वर्ष में शादी ब्याह के 75 मुहूर्त

## क्षेत्र में नहीं है एक भी चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

बढ़ते प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए एवं ध्वनि प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। फलस्वरुप महानगरों के साथ-साथ बड़े शहरों , कस्बों एवं गांवों में भी इलेक्ट्रिक दुपहिया, ई रिक्शा एवं चारपहिया लोगों ने खरीदना प्रारंभ किया। वर्तमान में नवापारा-राजिम क्षेत्र में हजारो की संख्या में दो पहिया, ई रिक्शा एवं चार पहिया इलेट्रिरक व्हीकल उपलब्ध हैं किंतु समस्या यह है कि सभी वाहन घरेलू विद्युत से चार्ज किए जा रहे है। गौरतलब हैं कि पेट्रोल एवं डीजल के वाहनों की तुलना में इलेट्रिरक वाहनों पर मेंटेनेंस एवं सफर का खर्च भी कम लगता है। इलेट्रिरक वाहनों की कीमत भले पेट्रोल एवं डीजल गाड़ियों एवं कारों की तुलना में अधिक रहती है। इलेट्रिरक वाहन पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी बेहतर माना जाता है क्योंकि ई व्हीकल में वायु एवं ध्वनि प्रदूषण नगण्य है। किंतु इलेट्रिरक वाहनों के चाजिंर्ग स्टेशन न होने से इसे एक निश्चित दूरी तक ही चलाना वाहन चालकों एवं मालिकों की मजबूरी है। बता दें कि दुपहिया वाहन फुल चाजिंर्ग पर 120 से 150 किलोमीटर अधिकतम चल पाता है वहीं कार फुल चाजिंर्ग पर 400 से 500 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। किंतु लम्बी दूरी के लिए इलेट्रिरक वाहनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। रायपुर जैसे शहरों में गिनती के चाजिंर्ग स्टेशन है। इलेक्ट्रिक्स वाहनों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए नवापारा एवं राजिम में कम से कम 2 इलेक्ट्रिक चाजिंर्ग स्टेशन की आवश्यकता है। कई बार देखा गया हैं कि बाहर से राजिम, चंपारण घूमने आने वाले सैलानी इलेक्ट्रिक वाहनों की चाजिंर्ग के लिए परेशान होते रहते है। इलेट्रिक चाजिंर्ग स्टेशन की तुलना में डीजल एवं पेट्रोल पंप लगभग हर दस किलोमीटर पर उपलब्ध है।







## खबर संक्षेप



### खड़मा मंडल में मनाया गया वीर बाल दिवस

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गुरुवार को खड़मा मंडल में वीर बाल दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग एवं साथ में कार्यक्रम के संयोजक पीलू यादव, सह संयोजक प्रकाश सिन्हा, सोमन यदु, रहे। भाजपा खड़मा मंडल अध्यक्ष पंकज निर्मलकर, रमन नामदेव, रवि साहू, मीरा ठाकुर, लता साहू, पूर्णिमा कंवर, तारिणी ध्रुव, भेस नारायण ठाकुर, अशोक साहू, मनहरण सिन्हा, भुनेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### बोड़राबांधा घटकर्रा में मड़ई 29 को

**गरियाबंद।** ग्राम बोड़राबांधा घटकर्रा में तीन दिवसीय मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में आसपास सहित दूर -दूर से लोग शामिल होते हैं। 28 को देवी आगमन व 29 दिसंबर बाजार मड़ई, देवी व राऊत नाचा, रात्रि कालिन छत्तीसगढ़ी लोक नाचा पार्टी सुअरबोड़ बालोद, 30 दिसंबर को देवी बिदाई होगी।

### महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को पिलवापाली निवासी समयमोती खुंटे ने बताया कि 25 दिसंबर की रात करीबन 8 से 8.30 बजे के मध्य उसकी पुत्री फलिता का स्वास्थ्य खराब होने पर गांव का डाक्टर इलाज के लिए घर आया था। इलाज के बाद डाक्टर को पुत्र दिलीप खुंटे घर छोड़ने गया, पास में ही अनंत राम कोसरिया का किराना दुकान में रूकने के दौरान प्रार्थिया के पुत्र के साथ गांव के परखित खुंटे, भूपेंद्र खुंटे ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। इस घटना की जानकारी युवक ने दी और बताया कि घटना के समय मोबाइल फोन भी खो गया। प्रार्थिया अपने पुत्र के मोबाईल को खोजने अनंत राम कोसरिया के किराना दुकान के पास खोजबीन कर मांझाखोल में आ रही थी, उसी समय मंगली खुंटे, दुशीला खुंटे ने एकराय होकर प्रार्थिया से भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बस एजेंट के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बस एजेंट के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी मोहन डडसेना निवासी ग्राम साल्हेतराई ने बताया कि वह बस एजेंट का काम करता है। 25 दिसंबर को शाम करीबन 7.30 बजे घर में था, तभी प्रार्थी का साला याकूब सोना घर के सामने मेरी पत्नी को शराब के नशे में घरेलू बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था, जब बाहर निकलकर गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने हाथ में रखे ब्लेड से पेट, हाथ में वार कर चोट पहुंचाया तथा ईंट से फेंक कर मारा जिससे सिर में चोट लगी।

# राजिम मेला के बचे केवल डेढ़ माह, स्थल को लेकर असमंजस बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम।

राजिम मेले के लिए अब सुगबुगाहट शुरू हुई है। बुधवार को सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजिम विधायक रोहित साहू ने रेस्ट हाऊस राजिम में जिले के अफसरो की न केवल बैठक ली बल्कि नए मेला क्षेत्र के निरीक्षण के लिए भी गए। इस दौरान

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध निदेशक विवेक आचार्य, कलेक्टर-एसपी गरियाबंद, एसडीएम-तहसीलदार राजिम सहित कई विभागों के अधिकारी व भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू बैठक एवं निरीक्षण के दौरान मौजूद थे। ये पूरे प्रदेश को मालूम है कि

## 12 से 26 फरवरी तक आयोजित होगा राजिम मेला



### देश के कोने-कोने से आते है साधु-संत

यदि शासन-प्रशासन की मंशा आरक्षित स्थान पर करने की है तो तैयारी अभी से करनी होगी मार्ग को समतल एवं चौड़ीकरण करने के साथ-साथ मेला स्थल पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की जवाबदारी प्रशासन की रहेगी। कुंड एवं साधु संत के लिए स्थान का चयन भी करना होगा। चूंकि राजिम मेला की पहचान केवल छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न प्रदेशों के साथ-साथ विदेशों में भी है। मेला के अवसर पर भारत के कोने-कोने से बड़े-बड़े साधु संत राजिम मेला में आते हैं। बैठक में मौजूद विधायक रोहित साहू ने अफसरो को निर्देश देते हुए कहा कि मेले की तैयारी में सभी विभागों के संबंधित अधिकारी अभी से जुट जाएं और अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए लगे रहे।

अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला 15 दिवसीय राजिम मेला इस बार माघपूर्णिमा 12 फरवरी से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक चलेगा। राजिम मेले के लिए अब केवल डेढ़ माह का समय ही शेष रह गया है। लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में ध्यान नहीं दिए। बुधवार को पहली बैठक हुई। जिसमें स्थानीय पत्रकारों को कोई जानकारी नहीं दी गई। विगत वर्षों में मेला स्थल को लेकर अंत तक असमंजस की स्थिति बनी थी जो इस साल भी लोगों के लिए कौतूहल का विषय है कि मेला राजिम शहर के मध्य में स्थित मेला ग्राउंड पर होगा या शासन द्वारा राजिम मेला के लिए आरक्षित की गई 54 एकड़ के क्षेत्र में लगेगा।


## विडंबना : पंचायत सफाई पर नहीं दे रहा ध्यान, संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा

# नगर के चौक-चौराहों पर कचरे का अंबार, लोग गंदगी-बदबू से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर में स्वच्छता अभियान को आईना दिखाने का काम किया जा रहा है। नगर के चौक -चौराहों, सप्ताहिक बाजार और बस स्टैण्ड सहित विभिन्न स्थानों में गंदगी और कचरा का ढेर पड़ा हुआ है जिससे कभी भी संक्रमक बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। साफ- सफाई के प्रति ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत कचरा फेकने के लिए लाखों रूपये की लागत से दो बैटरी चलित वाहन भी खरीदा गया है। लेकिन यह बैटरी चलित वाहन अब नहीं चल रहे है। जिसके कारण लोगों के घरों के सामने कचरों का ढेर देखा जा रहा है। मैनपुर नगर में साफ -सफाई के प्रति बरती जा रही। लापरवाही के कारण जगह -जगह नगर में कचरा और गंदगी का ढेर देखने को मिल रहा है और कचरा तथा गंदगी के कारण लगातार मच्छर पनप रहे हैं। वहीं लोग गंदगी से होकर चलने को मजबूर है। इन दिनों लोग मलेरिया, सर्दी, खांसी, बुखार, टाईफाईड और मौसमी बीमारियों के शिकार हो रहे है ऐसे में तत्काल जगह-जगह फैले गंदगी और कचरों के ढेर की सफाई किया जाना बेहद जरूरी हो गया है। तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्राम पंचायत के नेशनल हाईवे सडक के किनारे, साप्ताहिक बाजार, बस स्टैण्ड के पीछे, कृशि विभाग कार्यालय के सामने, गांधी चौक, शिक्षक कालोनी बाजार मार्ग आदि स्थानों पर कचरों का ढेर लगा हुआ है और इन कचरों से उठती बदबूं साथ ही मच्छरों की संख्या बढ रही है, लोग चैन से घर के भीतर न तो रात को सो पा रहे है और न ही दिन को बैठ पा रहे है मच्छर बढ जाने से लगातार लोग परेशान है।





### जल्द होगी सफाई

ग्राम पंचायत मैनपुर के सचिव संजय नंदाल ने कहा मैनपुर नगर में जल्द सफाई अभियान फिर प्रारंभ किया जायेगा। कुछ दिन पहले सफाई कराया गया था। साफ -सफाई और कचरा ढोने के लिए दो वाहन है उसका उपयोग किया जायेगा।

### बदबू से लोग परेशान

मैनपुर नगर में घरों से निकले वाले कचरों को फैकने के लिए रिक्शा पंचायत में लाया गया था बकायदा एक दो सप्ताह रिक्शा घरों के सामने आता था ग्रामीण रिक्शा में कचरा भी डालते थे लेकिन अब कचरा फैकने वाला रिक्शा कहा गायब हो गई पता नहीं चल रहा है और तो और नगर में कुछ स्थानों पर कचरा फैकने का कुडादान बनाया गया है वह पूरी तरह भर गया है, सुखा और गीला कचरा एक साथ डाल देने से उसमें बदबू उठ रही है, लोग परेशान हो गए है आसपास निवास करने वाले लोग बेहद परेशान है शिकायत के बाद भी कोई ध्यान देने वाला नहीं है। मैनपुर में आंगनबाडी में छोटे- छोटे बच्चे पढ़ते है। लेकिन सप्ताहिक बाजार आंगनबाडी के चारों तरफ कचरों के ढेर से हमेंशा संक्रामक बीमारी फैलने का डर बना रहता है और तो और स्कूलों के आसपास भी कचरों का ढेर देखा जा सकता है, जबकि प्रतिदिन नगर में जनपद स्तर के अधिकारी लगातार आना जाना करते है लेकिन नागरिकों की समस्याओं को दूर करने उनके द्वारा भी ध्यान नहीं देना समझ से परे है। जरूरत इस बात की है कि जल्द ही इन कचरों और गंदगी की साफ सफाई किया जाए।

# राज्यपाल डेका ने नीरज को गोल्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी नवापारा कोसमी का द्वितीय दीक्षांत समारोह सोल्लास एवं गरिमामय महौल में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका उपस्थित रहे। साथ ही स्थानीय विधायक रोहित साहू भी विशेष अतिथि के रुप में मंचासीन हुए यूनिवर्सिटी द्वारा विभिन्न संकाय के स्नातक स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। इन्हीं में एक गरीब किसान का होनहार पुत्र नीरज साहू भी एक है जिन्हे बी फार्मेसी स्नातक संकाय में गोल्ड मेडल राज्यपाल द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। बेलटुकरी निवासी किसान रोहित साहू और रेखा साहू का होनहार पुत्र छुरा में अपने चाचा के पास रहकर मेहनत और लगन से पढ़ाई कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने माता- पिता और गांव का नाम रोशन किया। उनके पिता ने बताया कि नीरज पढ़ाई में प्रारंभ से ही मेधावी रहा। उनका सपना डॉक्टर बनने का था किन्तु आर्थिक परिस्थितियों के कारण उन्हे आगे पढ़ाई नहीं करा सके। उनकी इस उपलब्धि पर डिगेश कुमार साहू, तोमेश्वरी साहू, दिनेश कुमार साहू, ऐशकुमार साहू, हीरालाल साहू, डामिन साहू, निखिल साहू, जसवंत साहू, भूपेन्द्र सेन आदि ने बधाई दी।



### अर्जुन धनंजय उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित


**छुरा।** छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक- युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का वृहद आयोजन दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर में बुधवार को किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि थे। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा को शिक्षा, योग, स्काउटिंग, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा जन-जन तक योग की अलख जगाने के साथ ही, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, पौधारोपण, गौवंश सरंक्षण एवं संवर्धन, मतदाता जागरूकता, कोविड टीकाकरण, जनजागरूकता महाभियान द्वारा अनेको रैली के माध्यम से लोगों को प्रेरित किए हैं।



# धान उपार्जन केंद्रों में निगरानी समिति के सदस्य मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने धान उपार्जन केंद्रों में निगरानी समिति मनोनीत किया गया है। निगरानी समिति के सदस्यों को उनकी नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इसमें जिला अध्यक्ष सहित समिति के मनोनीत सदस्य उपस्थित थे। इस संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि धान खरीदी में किसानों को काफी परेशानी आ रही है जिससे किसान काफी समस्या का ग्रस्त है। सरकार लंबे आश्वासन देकर किसानों को धोखा दे रही है आने वाला पंचायत एवं नगरी निकाय चुनाव में सरकार को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा, अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेज के निर्देश पर सभी केदो में निगरानी समिति के सदस्य मनोनित किया गया है, जो धान खरीदी केंद्र में पहुंचकर किसानों से बात करेंगे और उनकी समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण करेंगे। छुरा चमन साहू, केशव चंद्राकर, जनक ठाकुर, सिवनी में जय राम, प्रताप सिंह, पंचरामोगरे, कनसिघि दयाल राम कुंजाम, राधे सिंह, परमेश्वर ठाकुर ,रसेला विगेद्र ठाकुर, कमलेश नायक, डगेश्वर ओटी ,दुल्ला विमल ठाकुर, सालिक ठाकुर ,विसे ठाकुर, पीपरछेड़ी सुखदेव ध्रुव, धनराज सोरी ,लखन ध्रुव, साजा पाली मन्नू चौहान, हेमराज पटेल ,चेतन बंजारे, कोसमी गोपाल दिवाकर, गोपी राम यादव ,भानु ठाकुर, चरोदा चेतन ठाकुर, मोतीराम, डिगेश ठाकुर, परसदा खुर्द सोहन ठाकुर,खेलन ठाकुर, रवि पटेल ,पाटसिवनी रिखी राम राम यादव, दशरथ बरिहा, अमर सिंह सोरिद अमृत निर्मलकर, राकेश ध्रुव, मानिक राम साहू ,रानी परतेवा मनहरण साहू,घेवरचद निषाद, ज्ञात राम दीवान, खड़मा भागेश्वर ठाकुर, संतूराम यादव, लोकेश ठाकुर, लोहझर भानु प्रताप वर्मा, शिव दर्शन ध्रुव, श्याम लाल पटेल, पंक्तियां रमेश कुमार चंद्राकर , भगवान ठाकुर, छबि राम ध्रुव, अकलवारा पूरन लाल ठाकुर, केवल कवर, विजय यादव, पांडुका गजेंद्र साहू, राजू निषाद, खोवा लाल शर्मा, साकरा गिरवर साहू, श्यामलाल धुव, पोड़ सतीश चौरे, महेंद्र कुमार साहू, शिशुपाल को मनोनीत किया गया है।






### पाण्डुका में उप तहसील कार्यालय खुलने के बावजूद लोगों को नहीं मिल रहा बुनियादी सुविधाओं लाभ

**गरियाबंद।** पाण्डुका में उप तहसील कार्यालय खुलने के बावजूद क्षेत्रवासियों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। धारा 24 भू-राजस्व संहिता की शक्तियां उप तहसील कार्यालय को न सौंपे जाने से अंतिम आदेश जारी करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। क्षेत्रीय जनता अपनी समस्याओं को लेकर लगातार जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू से संपर्क कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उप तहसील कार्यालय का काम केवल आवेदन जमा करने तक सीमित रह गया है। बाकी सभी प्रक्रियाएं छुरा तहसील कार्यालय में की जा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पाण्डुका कार्यालय में आवेदन जमा करने के बाद भी सभी प्रक्रियाएं छुरा तहसील कार्यालय से संचालित हो रही हैं। छह महीने बीत जाने के बावजूद छुरा तहसीलदार ने नामांतरण नहीं किया है। छुरा तहसील कार्यालय में कार्यदिवसों या समय-सारिणी से संबंधित कोई बोर्ड उपलब्ध नहीं है, जिससे ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए बार-बार भटकना पड़ रहा है। लक्ष्मी साहू ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि वह इस मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाएंगी। उन्होंने विधायक और मंत्रियों से मिलकर समाधान की प्रक्रिया तेज करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणजन चाहते हैं कि उप तहसील कार्यालय को पूर्ण अधिकार और आवश्यक सुविधाएं दी जाएं ताकि उन्हें बार-बार छुरा तहसील कार्यालय न जाना पड़े। क्षेत्रीय जनता को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा और तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुचारू बनाएगा।

# अच्छी जिंदगी जीने के लिए हर विषय का ज्ञान जरूरी : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



■ विधायक ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नगर के कचना धुरवा शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू थे। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. सीएच पटेल ने किया। वहीं कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, किसान मोर्चा गरियाबंद के जिलाध्यक्ष मनीष हरित, खड़मा भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज निर्मलकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप शर्मा, भाजपा नेता मानसिंग निषाद, इमरान मेमन उपस्थित थे। कॉलेज के छात्र -छात्राओं ने वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्राचार्य ने महाविद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए संतोष सोरी, देवकी ध्रुव, पूर्णिमा सिन्हा, मुकेश्वरी ध्रुव को राज्य स्तर रंगीली प्रतियोगिता में प्रथम आने पर, बीए अंतिम वर्ष में विश्वविद्यालय के मेरिट सूची में सातवें स्थान प्राप्त करने के लिए खुमेश यदु को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि हर माँ बाप का सपना होता है कि उनके बच्चे पढ़ लिखकर कामयाब बने उच्च शिक्षा ग्रहण करने का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं है। अच्छी जिंदगी जीने के लिये हर विषय का ज्ञान जरूरी है। वह ज्ञान उच्च शिक्षा से ही मिलता है। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त कक्ष मांग पर विधायक रोहित साहू ने अतिरिक्त कक्ष स्वीकृति प्रदान करने के साथ महाविद्यालय के सारी समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने कि बात कही। उक्त कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डीआर साहू, डीपी सिंह, सीपी सिकरवार, डॉ. विनित कुमार साहू, रागनी ठाकुर, सुनीता गेहानी, हेमा साहू, मधु दुबे, रीना वर्मा, तारणी साहू, अताउल्ला खान, बीरेंद्र नाग, डीगेंद्र ध्रुव, सुभाष चक्रधारी, मदन लाल सोनी एवं छुरा नगर से आए रुपनाथ बंजारे, हीरालाल साहू,उमेद सोरी, पुनितराम ठाकुर, पवन ध्रुव, शीतल ध्रुव उपस्थित थे।




### साहिबजादों के बलिदान को किया याद

**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुडा में वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का हरित स्वागत विद्यालय के वाइस कैप्टन मोहित कुमार और कक्षा 12वीं के छात्र ताराचद के द्वारा किया गया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने वीर बाल दिवस के इतिहास एवं साहिबजादों की वीरता का वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को स्वयं में साहस, निष्ठा एवं आत्मविश्वास जैसे सद्गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश साहू भाजपा जिला अध्यक्ष गरियाबंद एवं विशिष्ठ अथितियों खोमन चंद्राकार अध्यक्ष नगर पंचायत, तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष, लेखराज धुवा सरपंच संघ अध्यक्ष, नरोत्तम साहू एवं रिखीराज यादव ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। राजेश साहू ने साहिबजादों के गौरवपूर्ण बलिदान को याद किया। विशिष्ठ अतिथि खोमन चंद्राकार ने वीर बाल दिवस पर विद्यार्थियों में शौर्य और देशभक्ति की भावना को जागृत किया। विद्यालय की कैप्टन भूमिरानी ठाकुर ने वीर बाल दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विकास सिहाग ने अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रति आभार व्यक्त करते हुए इन वीरों की प्रेरणा से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने एवं आत्मविश्वास जागृत करने की प्रेरणा के साथ किया।

स्वामी जी-93406-38884
10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
10 जनवरी 2025
19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025 , 19 फरवरी से 01 मार्च 2025
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025,
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport